**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 27.03.2023 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सहारनपुर की अध्यक्षता में विडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आहूत बैठक का कार्यवृत्त –**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 27.03.2023 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सहारनपुर की अध्यक्षता में विडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक आहूत की गयी जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. श्री अमित कुमार, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
2. श्री अनुज कुमार, सहायक अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, सहारनपुर
3. श्री राजीव अग्रवाल, टीम लीडर, मै0 आरवी एसोसिएटस् **(TPI)**, सहारनपुर।
4. श्री सचिन कुमार, जिला परियोजना प्रबन्धक, मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, सहारनपुर।
5. श्री प्रमोद मौर्य, परियोजना प्रबन्धक, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, सहारनपुर।
6. श्री विनित अग्रवाल, परियोजना प्रबन्धक, मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0), सहारनपुर।

उक्त बैठक में अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर द्वारा एजेंसी वार जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया। जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

**मै0 गायत्री रैमकी (जे0वी)**

- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मै0 गायत्री रैमकी (जे0वी0), सहारनपुर की सबलेट एजेंसी मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, द्वारा वर्तमान तक 98 नग योजनाओं पर बोरिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका हैं। सबलेट एजेन्सी द्वारा 30.03.2023 तक 14 नग अतिरिक्त योजनाओं में बोरिंग का कार्य पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था, जोकि अभी तक भी प्रारम्भ नही किया गया है।
- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मै0 गायत्री रैमकी (जे0वी0), सहारनपुर की सबलेट एजेन्सी मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 द्वारा वर्तमान तक 30 नग योजनाओं के अवर जलाशय की डिजाईन एवं ड्राईंग की तकनीकी स्वीकृति सक्षम स्तर से प्रदान किये जाने के उपरांत वर्तमान तक 20 नग योजनाओं पर ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया हैं जिसमें से 06 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण है। सबलेट एजेन्सी द्वारा 06 नग अवर जलाशयों की राईजिंग मैन का कार्य दिनांक 11.03.2023 तक पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था जिसमें अभी भी स्थिति यथावत है। शेष 10 नग योजनाओं में अवर जलाशय का निर्माण कार्य दिनांक 30.03.2023 तक प्रारम्भ करने का वर्क प्लान दिया गया था जिसमें वर्तमान तक कोई कार्य प्रारम्भ नही हुआ है। इसके अतिरिक्त 01 नग योजना के अवर जलाशय (Zinc Allum) की डिजाईन एवं ड्राईंग दिनांक 12.03.2023 तक उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था, जिसमें कोई कार्यवाही फर्म द्वारा नही की गयी है। यह स्थिति उचित नही हैं।
- वितरण प्रणाली के कार्यो में 25 नग योजनाओं की वितरण प्रणाली का कार्य एवं 30 नग योजनाओं में गृह संयोजन का कार्य दिनांक 30.03.2023 तक शत–प्रतिशत पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था परन्तु वर्तमान तक स्थिति यथावत है, इससे यह स्पष्ट हैं कि फर्म द्वारा पेयजल योजना के निर्माण कार्यो में लापरवाही बरती जा रही हैं।
- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि सोलर प्लांट अधिष्ठापन का कार्य सबलेट एजेन्सी द्वारा अत्यन्त धीमी गति से किया जा रहा है। फर्म द्वारा 15 नग योजनाओं में सोलर अधिष्ठापन का कार्य दिनांक 30.03.2023 तक पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था, जिसके सापेक्ष 04 नग योजनाओं में ही कार्य प्रारम्भ किया गया है, इससे यह स्पष्ट होता है कि ससमय कार्य पूर्ण होने की सम्भावना प्रतीत नही होती हैं।
- रोड पुर्नस्थापना के कार्य में 12 नग योजनाओं में दिनांक 30.03.2023 तक कार्य पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था जिसमें अभी तक कोई कार्य प्रारम्भ नही किया गया है।
- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि सबलेट मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, सहारनपुर द्वारा माह सितम्बर 2023 तक आवटित ग्रामों में क्रियाशील गृह संयोजन का कार्य पूर्ण करने का वर्क प्लान राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को उपलब्ध कराया गया हैं। वर्तमान में 28000 नग क्रियाशील गृह संयोजन दिये जा चुके हैं तथा शेष 48000 नग क्रियाशील गृह संयोजन का कार्य पूर्ण करने हेतु प्रतिदिन 250 नग FHTC अधिष्ठापित कराते हुये Online फीड किये जाने हैं, परन्तु सबलेट एजेन्सी द्वारा प्रतिदिन 120 से 140 नग FHTC फीड किये जा रहे हैं।

योजनाओं में निर्धारित कुल क्रियाशील गृह संयोजन का कार्य ससमय पूर्ण करने हेतु उच्चाधिकारियों द्वारा प्रतिदिन 200 नग क्रियाशील गृह संयोजन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं, परन्तु फर्म द्वारा प्रतिदिन लगभग 120 से 140 तक क्रियाशील गृह संयोजन ही किये जा रहे है। इससे यह स्पष्ट हैं कि फर्म द्वारा पेयजल योजना के निर्माण कार्यो में लापरवाही बरती जा रही हैं।

P.M (NKG) AE SWSM TPI (PM)

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा मै0 गायत्री रैमकी (जे0वी0), सहारनपुर की सबलेट एजेन्सी मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 के कार्यो की प्रगति से अवगत होते हुए असंतोष प्रकट किया गया तथा सम्बन्धित फर्म को दिशानिर्देश दिये गये कि शेष 10 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य शीघ्र अतिशीघ्र प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें। 06 नग योजना जिनमें अवर जलाशय का कार्य पूर्ण है उनमें राईजिंग मेन जोडते हुए पेयजल आपूर्ति करने हेतु श्री सचिन कुमार, जिला परियोजना प्रबन्धक, मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, सहारनपुर को निर्देशित किया गया, जिस पर फर्म के प्रतिनिधि द्वारा दिनांक 02.04.2023 तक कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। इसके साथ ही अवर जलाशय (Zinc Allum) की डिजाईन एवं ड्राईंग दिनांक 30.03.2023 तक उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। सोलर प्लांट अधिष्ठापन एवं सडक पुर्नस्थापना के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा विशेष रूप से कार्य पूर्ण कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता एवं फर्म को निर्देशित किया गया जिस पर फर्म द्वारा सडक पुर्नस्थापना का कार्य दिनांक 02.04.2023 से पूर्व प्रारम्भ कराने हेतु आश्वासन दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि मै0 वुडहिल के डायरेक्टर श्री ओमराज नागर को आगामी बैठक में प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित किया गया।

**मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0।**

- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, सहारनपुर द्वारा वर्तमान तक 09 नग योजनाओं के अवर जलाशय की डिजाईन एवं ड्राईंग की तकनीकी स्वीकृति सक्षम स्तर से प्रदान किये जाने के उपरांत वर्तमान तक 09 नग अवर जलाशय के निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जा चुका हैं। फर्म द्वारा 23 नग योजनाओं के अवर जलाशय (Zinc Allum) की डिजाईन एवं ड्राईंग वेटिंग उपरांत कार्यालय में उपलब्ध करायी जा चुकी है, जिनका तकनीकी परीक्षण TPI द्वारा किया जा रहा हैं। TPI की संस्तुति उपरांत 23 नग योजनाओं की स्वीकृति प्राप्त कर शीघ्र अति शीघ्र कार्य प्रारम्भ कराये जायेगें।
- वितरण प्रणाली के कार्यों में 07 नग योजनाओं की वितरण प्रणाली का कार्य एवं 17 नग योजनाओं में गृह संयोजन का कार्य दिनांक 30.03.2023 तक शत–प्रतिशत पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था परन्तु वर्तमान तक स्थिति यथावत है।
- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा 12 नग योजनाओं में सोलर प्लांट अधिष्ठापन का कार्य दिनांक 30.03.2023 तक पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था, जिसके सापेक्ष 02 नग योजनाओं में ही कार्य प्रारम्भ किया गया है।
- सडक पुर्नस्थापना के कार्य में 10 नग योजनाओं में दिनांक 30.03.2023 तक कार्य पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था जिसमें अभी तक कोई कार्य प्रारम्भ नही किया गया है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा दिनांक 02.04.2023 तक 03 नग योजनाओं में कार्य प्रारम्भ करने का आश्वासन दिया गया है।
- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, सहारनपुर की 311 नग योजनाये SLSSC से स्वीकृत है जिनमें शेष FHTC माह दिसम्बर तक उपलब्ध कराने का लक्ष्य 130000 नग है। जिस हेतु प्रतिदिन 550 नग FHTC उपलब्ध कराये जाने हैं। वर्तमान में फर्म द्वारा प्रतिदिन 370 नग FHTC उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, सहारनपुर के कार्यो की प्रगति से अवगत होते हुए अवर जलाशय, सोलर प्लांट अधिष्ठापन एवं सडक पुर्नस्थापना और क्रियाशील गृह संयोजन के कार्यो को लेकर असंतोष प्रकट किया गया तथा फर्म को दिशानिर्देश दिये गये कि अवर जलाशय (Zinc Allum) की डिजाईन एवं ड्राईंग की स्वीकृति दिनांक 30.03.2023 तक प्राप्त करते हुए 23 नग योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही शेष योजनाओं की की वेटिंग उपरांत डिजाईन एवं ड्राईंग खण्ड कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। सोलर प्लांट अधिष्ठापन एवं सडक पुर्नस्थापना के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा विशेष रूप से कार्य पूर्ण कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता एवं फर्म को निर्देशित किया गया जिस पर फर्म के परियोजना प्रबन्धक श्री प्रमोद मौर्य द्वारा सडक पुर्नस्थापना का कार्य दिनांक 02.04.2023 से पूर्व प्रारम्भ कराने एवं 22 नग योजनाओं जिनमें पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है में सोलर अधिष्ठापन का कार्य एक सप्ताह के भीतर प्रारम्भ करने हेतु आश्वासन दिया गया।

PM (NKG) AE SWSM TPI

**मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0)।**

- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म मै0 गायत्री रैमकी (जे0वी0) के Descoping उपरांत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा फर्म मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) को जनपद के अवशेष ग्रामों में पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु अनुबन्धित किया गया है। फर्म द्वारा योजनाओं के निर्माण कार्यो हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध गठन कराते हुये कवर अनुबन्ध गठन के उपरांत योजनाओं के निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिये गये है। वर्तमान में 12 नग योजनाओं में ट्यूबवैल छिद्रण का कार्य, 02 नग योजनाओं में बाउन्ड्री वॉल का कार्य एवं 02 नग योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाये जाने का कार्य प्रगति पर हैं।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा फर्म मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) के द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यो की प्रगति से अवगत होते हुये सम्बन्धित फर्म को दिशानिर्देश दिये गये कि पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य शीघ्र अति शीघ्र प्रारम्भ करते हुये पेयजल आपूर्ति करना सुनिश्चित करें।

(श्री सचिन कुमार)
**मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0**
**सहारनपुर**

(श्री प्रमोद कुमार)
**मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0**
**सहारनपुर**

(श्री राजीव अग्रवाल)
टीम लीडर, मै0 आरवी एसोसिएटस् **(TPI),**
सहारनपुर।

(श्री विनित अग्रवाल)
मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0)
सहारनपुर

21/03/23

(श्री अनुज कुमार)
**सहायक अभियन्ता**
**राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,**
**सहारनपुर**

(श्री अमित कुमार)
**अधिशासी अभियन्ता,**
**उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),**
**सहारनपुर**

(श्री विजय कुमार)
**मुख्य विकास अधिकारी**
**सहारनपुर**